# नगर वन विकसित करने भूमिपूजन, लोकार्पण भी

## पर्यावरण सुधार के साथ ही पर्यटन केन्द्र के रूप में उभरेगा नगर वन- तोमर



**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर/श्योपुर 29 अप्रैल.** विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर विजयपुर की सिद्ध बाबा पहाडी पर नगर वन विकसित करने के लिए आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वन विभाग द्वारा विकसित किया जा रहा नगर वन न केवल पर्यावरण सुधार के लिए कारगर होगा, बल्कि एक पर्यटन केन्द्र के रूप में भी उभरेगा। वन विभाग के तत्वाधान में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, वन विकास निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, भाजपा जिला महामंत्री अरविन्द जादौन , भाजपा जिला उपाध्यक्ष परीक्षत धाकड़ एवं श्री संजय अकोदिया, नगरपरिषद विजयपुर के अध्यक्ष कमलेश कुशवाह, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजयपुर शुभम मुदगल, डीएफओ सामान्य वन मंडल केएस रंधा सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे।विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित कराई गई दो सडको का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सिद्ध बाबा पहाडी पर विकसित किये जा रहे नगरवन में अनेक प्रजातियों के पौधे लगाये जायेगे, जिससे पहाडी के संरक्षण के साथ ही पर्यावरण सुधार भी होगा, नगरवन में सैलानियों के लिए अन्य सुविधाएं भी विकसित की जायेगी। सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार तेजी से विकास कार्य कर रही है, जिसमें पर्यावरणीय सुधार के कार्यक्रम भी लिये जा रहे है। इसी क्रम में विजयपुर में नगरवन बनाया जा रहा है, उन्होंने कहा कि विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण भी किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के लोगों को ओर अधिक बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होगी। वन विकास निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत ने कहा कि लगभग 37 हेक्टयर क्षेत्र में बनने वाले नगरवन में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 10 हजार से अधिक पौधे लगाये जायेगे, सैलानियों को आकर्षित करने के लिए नगरवन में चिल्ड्रन पार्क बनाया जायेगा और झूले भी लगाये जायेगे। उन्होंने कहा कि 1 करोड 20 लाख की लागत से नगरवन विकसित किया जायेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने कहा कि आज विजयपुर में नगरवन की स्थापना के लिए भूमिपूजन के साथ ही सडक मार्गो का लोकार्पण संपन्न हुआ है।

सड़क मार्गो के निर्माण से लोगों को सुलभ आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार जिले में लगातार विकास के कार्य करा रही है। कार्यक्रम के प्रारंभ में सामान्य वन मंडल के डीएफओ केएस रंधा द्वारा जानकारी दी गई कि सामान्य वन मंडल अंतर्गत ग्रीन प्रोजेक्ट के तहत नगरवन विकसित किया जा रहा है। नगरवन में एक योगा प्लेटफार्म भी बनाया जायेगा, जहां लोग योग की क्रियाएं कर सकेंगे। नगरवन में विभिन्न प्रजातियों के पेड लगाये जायेगे, 37 हेक्टयर भूमि में नगरवन विकसित किया जायेगा। **दो सड़को का लोकार्पण:** इस अवसर पर विजयपुर क्षेत्र की दो सडको का लोकार्पण संपन्न हुआ, विनेगा से नेहरखेडा मार्ग तक 2 करोड 94 लाख रूपये लागत की 3.34 किलोमीटर तथा गोबर रोड से गजनपुरा मार्ग तक 1 करोड 46 लाख रूपये लागत की डेढ किलोमीटर सडक का लोकार्पण किया गया।

# फिल्म प्रतिभाओं को निखारने अनेक योजनाएं संचालित

### फिल्म पर्यटन नीति 2025 अंतर्गत दिया जा रहा वित्तीय प्रोत्साहन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर 29 अप्रैल.** मध्यप्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश में फिल्म प्रतिभाओं को निखारने, उन्हें आगे बढाने और विभिन्न क्रियेटिव गतिविधियों के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं संचालित की गई है। इसके तहत फिल्म पर्यटन नीति-2025 अंतर्गत योजनाओं के माध्यम से वित्तीय प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

मध्यप्रदेश में शूट होने वाले डॉक्यूमेंट्री फिल्मो के लिए अनुदान

डॉक्यूमेंट्री फिल्मों के निर्माताओं को प्रदेश से संबंधित डॉक्यूमेंट्री निर्माण के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों, वाइल्ड लाइफ, संस्कृति, खानपान, हस्तशिल्प, धार्मिक पर्वों, उत्सवों, रहन-सहन, टेक्सटाइल, प्रदेश के लोगों, विशिष्ट व्यक्तियों, प्रदेश से जुड़ी विरासत, इतिहास एवं कहानियाँ आदि पर मध्यप्रदेश में शूट की गई डॉक्यूमेंट्री पर वित्तीय अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर रिलीज होने वाली डॉक्यूमेंट्री फिल्म के लिए राशि 20 लाख रुपये तक का या कुल परियोजना लागत का 50 प्रतिशत तक जो भी कम हो, या मध्यप्रदेश में किये गए व्यय का 75 प्रतिशत जो भी कम हो, दिया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रिलीज होने वाली डॉक्यूमेंट्री फिल्म के लिए राशि 40 लाख रुपये तक का या कुल परियोजना लागत का 50 प्रतिशत तक जो भी कम हो, या मध्यप्रदेश में किये गए व्यय का 75 प्रतिशत जो भी कम हो, प्रदान किया जाता है।


भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त, अनुमोदित किसी भी राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में पुरस्कृत होने वाली डॉक्यूमेंट्री को अनुदान की पात्रता होगी। इसी प्रकार अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में पुरस्कृत होने वाली डॉक्यूमेंट्री को अनुदान की पात्रता होगी। पुरस्कृत होने वाली डॉक्यूमेंट्री फिल्म के अनुदान आवेदन के लिए रिलीज किये जाने की अनिवार्यता नहीं होगी।

एकल स्क्रीन सिनेमाघर के लिए भी वित्तीय सहायता दी जाती है। नीति के तहत प्रथम तीन नवीन एकल स्क्रीन सिनेमाघरो एवं 20 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में प्रथम 6 नवीन एकल स्क्रीन सिनेमाघरो के लिए स्थाई पूंजीगत व्यय पर 25 प्रतिशत का अनुदान अधिकतम 75 लाख रूपये की राशि उपलब्ध कराई जाती है। इसी प्रकार टीवी धारावाहिको, ओटीटी पर रिलीज होने वाले धारावाहिक, वेबसीरीज के लिए वित्तीय प्रोत्साहन दिये जाने की योजनाएं संचालित है।

### ज्ञान भारतम् जिला स्तरीय समिति का गठन

**श्योपुर.**पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा भारत की हस्तलिखित विरासत का सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण, संरक्षण, डिजिटलीकरण एवं प्रचार-प्रसार हेतु दिये गये निर्देशो के क्रम में कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा की अध्यक्षता में ज्ञान भारतम् जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद रूपेश उपाध्याय समिति में सदस्य-सचिव होंगे। इसके साथ ही सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, प्राचार्य शासकीय पीजी कॉलेज श्योपुर डॉ ओपी शर्मा, सहायक प्राध्यापक खेमराज आर्य एवं अनिल तोमर को सदस्य बनाया गया है। एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा समन्यक रहेंगे। समिति द्वारा जिले में स्थित निजी शोध संस्थान, महाविद्यालयों, ग्रंथालय, मंदिरों, मठ-आश्रम, प्रायवेट ट्रस्ट इत्यादि में संरक्षित प्राचीन हस्तलिखित पाडू लिपियों की खोजकर ज्ञान भारतम् एप पर अपलोड किया जाना है।



### ईव्हीएम गोदाम का बाहरी मासिक निरीक्षण

**श्योपुर.**निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री शीला दाहिमा द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित ईव्हीएम गोदाम का बाहरी मासिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, निर्वाचन पर्यवेक्षक इमरान खान सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

# जनगणना कार्य के मद्देनजर अवकाश पर प्रतिबंध

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 29 अप्रैल.** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सुश्री शीला दाहिमा द्वारा जनगणना कार्य को दृष्टिगत रखते हुए जनगणना के लिए नियुक्त अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश को प्रतिबंधित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार भारत की जनगणना 2027 का प्रथम चरण यथा मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य मध्यप्रदेश राज्य में 01 मई से 30 मई 2026 तक सम्पादित किया जाना है। जनगणना 2027 के प्रथम चरण के सफल क्रियान्वयन हेतु तकनीकी, व्यावहारिक दक्षता, प्रगणको एवं पर्यवेक्षको जिला स्तर पर फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षित, जनगणना कार्य में तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों के समस्त प्रकार के अवकाश प्रतिबंधित किये गये है। विशेष परिस्थिति में जैसे- स्वयं की शादी, पुत्र, पुत्री की शादी होने पर शादी का कार्ड सहित एवं गंभीर रुप से बीमार होने पर जिला मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र प्राप्त कर अपने नियंत्रणकर्ता अधिकारी के अभिमत सहित अवकाश आवेदन जिला जनगणना कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे। अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला जनगणना अधिकारी को प्रेषित करेगें जहां से विधिवत स्वीकृति, अनुमति जारी होने पर संबंधीजन अवकाश का लाभ ले सकेगें। उपरोक्तानुसार जनगणना कार्य से मुक्त रखने व अवकाश स्वीकृति करने हेतु अपर कलेक्टर जिला जनगणना अधिकारी श्योपुर को अधिकृत किया गया है।

# अधिकारी फील्ड विजिट बढ़ाएं, पेयजल संबंधी असुविधा न हो : सीएस

### कलेक्टर कमिश्नर्स की समीक्षा बैठक आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर 29 अप्रैल.** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सभी जिलों के कलेक्टर एवं कमिश्नर्स के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर विभिन्न योजनाओं और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गेहूं उपार्जन केंद्रों का कभी भी आकस्मिक निरीक्षण किया जा सकता है, इसलिए सभी केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त और पारदर्शी रहें। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, तौल, भुगतान और परिवहन की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाए।

सीएस ने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि कोई भी बच्चा ड्रॉपआउट न रहे और आंगनवाड़ी के बच्चों का शत-प्रतिशत एडमिशन सुनिश्चित किया जाए। बालिका छात्रावासों के संचालन में संवेदनशीलता बरतने और नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही गांवों में पेयजल आपूर्ति सुचारू रखने और गर्मी के मौसम में नल-जल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। बैठक में कहा गया कि पीएम जनमन योजना के अंतर्गत संचालित कार्यो का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से सुनिश्चित किया जायें। एनआरएलएम के तहत स्वयं सहायता समूहों को नई गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने के प्रयास किए जाएं। धरती आबा योजना के अंतर्गत कार्ययोजनाएं बनाकर निर्माण कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। सीएस ने यह भी कहा कि महिला एवं बाल विकास अधिकारी आंगनवाड़ी स्तर पर नियमित रूप से जाकर हर माह समीक्षा करें। इसके अलावा पांडुलिपियों के संरक्षण हेतु कार्य करने और प्रधानमंत्री श्रम मानधन योजना में प्रगति लाने के निर्देश भी दिए गए।

साथ ही लोक सेवा गारंटी के प्रकरण समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड विजिट बढ़ाने, आमजन से सीधा संवाद रखने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंच सके। साथ ही बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री राहत योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है, जो सकारात्मक संकेत है, इस दिशा में और प्रभावी कार्य करने की आवश्यकता है ताकि दुर्घटनाओं में और कमी लाई जा सके। इसके लिए सभी जिलों में सड़क सुरक्षा समीतियों की नियमित बैठकें आयोजित कर ठोस कार्ययोजना बनाई जाए तथा ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। इस दौरान एनआईसी कक्ष श्योपुर में कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, डीएफ्ओ कूनो आर थिरूकुराल, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# ग्रीष्म ऋतु में लू से बचने के संबंध में एडवाईजरी जारी

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 29 अप्रैल.** आपदा प्रबंधन की ओर से जिले में बढ़ते तापमान को देखते हुये ग्रीष्म ऋतु में लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव हेतु एडवाईजरी जारी की गई है। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा जारी एडवाईजरी के अनुसार नागरिकों को पानी, छांछ, ओआरएस का घोल या घर में बने पेय जैसे लस्सी, नींबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन करने की सलाह दी गई है। यथा संभव दोपहर 12 से 03 बजे तक धूप में बाहर निकलने से बचें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें। कपडे, टोपी अथवा छतरी का उपयोग करें। धूप में निकलने के पूर्व तरल पदार्थ का सेवन करें। पानी हमेशा साथ रखें। शरीर में पानी की कमी नही होने दें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें। सिंथेटिक एवं गहरे रंग के वस्त्र पहनने से बचें। जानवरों को छाएँ में रखें ओर पर्याप्त मात्र

## जनगणना में सलंग्न लोक सेवको को अन्य कार्य से मुक्त रखने के निर्देश जारी

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 29 अप्रैल 2026**अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा जनगणना कार्य को दृष्टिगत रखते हुए इस कार्य में सलंग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अन्य विभागीय कार्यो से मुक्त रखने के निर्देश सभी जिला अधिकारियों को दिये गये है। जारी निर्देशो के अनुसार जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 मई से 30 मई की अवधि तक पूर्ण किया जाना है। जनगणना कार्य अतिमहत्वपूर्ण होने के चलते इसमें सलंग्न अधिकारियों, कर्मचारियों को अन्य विभागीय कार्यो से मुक्त रखे जाने के निर्देश दिये गये है।

## जिले में अभी तक 19 हजार मैट्रिक टन गेहूं की खरीद

**श्योपुर, 29 अप्रैल.**राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन एवं स्लॉट बुकिंग की तिथि को बढाते हुए अब 23 मई कर दिया गया है। पूर्व में गेहूं उपार्जन एवं स्लॉट बुकिंग की तिथि 9 मई निर्धारित थी, किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए इस तिथि को अब बढाकर 23 मई किया गया है, जिससे सभी किसान समर्थन मूल्य का लाभ प्राप्त करते हुए अपना गेहूं उपार्जन केन्द्रों पर विक्रय कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में जिले में गेहूं उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से संचालित हैं। अभी तक 19 हजार मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी हैं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत शपथ का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर 29 अप्रैल.** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जन अभियान परिषद अंतर्गत नवांकुर संस्था कौशकी सोशल वेलफेयर एंड एनवायरमेंट सोसाइटी गसवानी द्वारा जल संरक्षण के प्रति जागरूकता हेतु शपथ का आयोजन किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत संस्था के अध्यक्ष मनीष राजोरिया, परामर्शदाता राकेश जाटव द्वारा शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर प्रस्फुटन समिति हीरापुरा-गसवानी के सदस्य भी मौजूद रहें। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को प्राकृतिक एवं प्राचीन जलस्त्रोतों के संरक्षण तथा उनकी



साफ-सफाई रखने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही ग्राम विकास जनसहभागिता सामुदायिक नेतृत्व के महत्व, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरूकता आदि विषयों पर जानकारी प्रदान की गई।



# जिले के 41 हजार 708 हितग्राही हुए लाभान्वित

### मुख्यमंत्री ने किया 200 करोड़ से अधिक पेंशन राशि का अंतरण

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 29 अप्रैल** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा समाज के सभी निर्धन, निराश्रित, वृद्धजनों, कल्याणी, परित्यक्ता, अविवाहिता एवं दिव्यांगजनों के कल्याण एवं आर्थिक सहायता के लिए विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दी जाने वाली यह सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं, यह सरकार के उस विश्वास का अंतरण है, जो इस बात का प्रतीक है कि सरकार हर परिस्थिति में हर घड़ी जरूरतमंदों के साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मंत्रालय से समग्र पेंशन योजना के तहत प्रदेश के 33 लाख 45 हजार 231 हितग्राहियों के बैंक खातों में मार्च पेड अप्रैल की 200 करोड़ 71 लाख रुपये की पेंशन राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा उक्त कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत प्रदेश के 33 लाख 45 हजार 231 हितग्राहियों को 200 करोड 71 लाख रूपये की राशि उनके बैंक खातो में ट्रांसफर की गई। इस कार्यक्रम माध्यम से श्योपुर जिले के 41 हजार 708 हितग्राहियों को 2 करोड 50 लाख 25 हजार रूपये की राशि प्राप्त हुई।

श्योपुर जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना में 587, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में 13 हजार 868, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना में 5 हजार 878, कन्या अभिभावक पेंशन योजना में 325, दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन सहायता अंतर्गत 979, मुख्यमंत्री अविवाहित पेंशन योजना में 3, मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन योजना में 12 हजार 655, मानसिक दिव्यांग एवं बहु दिव्यांग आर्थिक सहायता अंतर्गत 447, सामाजिक सुरक्षा दिव्यांग पेंशन अंतर्गत 4 हजार 52, परित्याक्ता पेंशन अंतर्गत 145 एवं सामाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था पेंशन अंतर्गत 2 हजार 769 हितग्राहियों को लाभ प्राप्त हुआ।

इस दौरान एनआईसी कक्ष श्योपुर में कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा, उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती शशिकिरण इक्का सहित विभिन्न सामाजिक पेंशन योजनाओं के हितग्राही उपस्थित थे।


# कार्यालय नगर परिषद पिछोर जिला शिवपुरी (म .प्र .)

दूरभाष : 07496-245740 सी.एम.ओ. मोबा. 9826298488 Email- cmopichor@mpurban.gov.in

क्रमांक/2026/970 — पिछोर, दिनांक 24/04/2026

## ई- निविदा आमंत्रण सूचना

नगर परिषद, पिछोर की ओर से स्वीकृति अनुसार कार्य कराये जाने हेतु निविदा आमंत्रण निम्नतालिका अनुसार https://mptenders.gov.in पर निविदा का प्रकाशन किया गया है।

| क्र. | कार्य का नाम | ऑन लाइन टेण्डर आई. डी. | अनुमानित लागत | अमानत राशि | एनआईटी नम्बर | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ऑनलाईन सम्मिशन अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | वार्ड क्रमांक 01 में मुन्ना बाबूजी के मकान से बल्लू कुशवाह तक सीसी रोड निर्माण | 2026_UAD_ 503239_1 | 871080 | 8720 | 970 _1 | 2000 | 12-05-2026 |
| 02. | वार्ड क्रमांक 02 में परूशराम मंदिर के पास बाउण्ड्री बॉल निर्माण (शेष बचा कार्य) | 2026_UAD_ 503240_1 | 191279 | 1920 | 970_2 | 2000 | 12-05-2026 |
| 03. | वार्ड क्रमांक 02 में रेस्ट हाउस सब्जी मण्डी होल कवर करने का कार्य एवं सीसी रोड | 2026_UAD _ 503242_1 | 169166 | 1700 | 970_3 | 2000 | 12-05-2026 |
| 04. | वार्ड क्रमांक 03 में लोधी जी के मकान से मांझी धर्मशाला तक सीसी रोड | 2026_UAD_ 503243 _1 | 994963 | 9500 | 970_4 | 2000 | 12-05-2026 |
| 05. | वार्ड क्रमांक 03 में सरकारी कुआं से मांझी धर्मशाला तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य | 2026_UAD_ 503244 _1 | 517631 | 5200 | 970_5 | 2000 | 12-05-2026 |
| 06. | वार्ड क्रमाक 03 में एसडीओपी बंगले के पास नाली का कार्य | 2026_UAD_ 503245_ 1 | 167618 | 1700 | 970_6 | 2000 | 12-05-2026 |
| 07. | वार्ड क्रमांक 10 में बाल्मीक मोहल्ला से बड़ा बाजार में पेवर्स एवं नाली निर्माण कार्य | 2026 _UAD_ 503246 _1 | 334848 | 3500 | 970_7 | 2000 | 12-05-2026 |
| 08. | वार्ड क्रमांक 10 में चड्डा उस्ताद (राजेश सोनी) से वीरू के मकान तक पेवर्स ब्लॉक निर्माण | 2026_UAD_ 503247_1 | 293499 | 2950 | 970_8 | 2000 | 12-05-2026 |
| 09. | वार्ड क्रमांक 12 में यात्री प्रतीक्षालय के पास नाली एवं ह्यूम पाईप निर्माण कार्य | 2026_UAD_ 503248_1 | 131755 | 1350 | 970_9 | 2000 | 12-05-2026 |

जिसका संपूर्ण विवरण https://mptenders.gov.in वेवसाईड पर देखा जा सकता

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद् पिछोर शिवपुरी**